दिन– रविवार दिनांक– 26 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत और जनभागीदारी पर दिया जोर। सीतामढ़ी के वेस्ट टू वेल्थ मॉडल की सराहना की।

02. बांकीपुर उपचुनाव को लेकर प्रचार अभियान हुआ तेज। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी प्रत्याशी नीरज सिन्हा के लिए मांगे वोट। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव कल करेंगे रोड शो।

03. आज करगिल विजय दिवस है। राष्ट्र करगिल युद्ध में शहीद हुए शूरवीरों को कर रहा है नमन।

04. और, वैभव सूर्यवंशी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम उम्र में दो अर्धशतक लगाने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बने।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई उंचाइयों को छू रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ छत्तीसवीं कड़ी में आज अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। श्री मोदी ने करगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों को याद करते हुए कहा कि यह दिन देशवासियों को अपने बहादुर सैनिकों के असाधारण शौर्य की याद दिलाता है।

———बाइट———

आज 'कारगिल विजय दिवस' है। ये दिन हमें गर्व से भर देता है। ये दिन हमें अपने वीर जवानों के अद्‌भुत साहस की याद दिलाता है। कारगिल की ऊंची–ऊंची चोटियाँ, कठिन मौसम, दुश्मन की चुनौती, हर परिस्थिति हमारे सैनिकों के सामने थी, लेकिन उनका हौंसला हर चुनौती से बड़ा था। उन्होंने माँ भारती की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। आज 'कारगिल विजय दिवस' पर मैं सभी वीर शहीदों और वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ।

श्री मोदी ने देशवासियों से अपील की कि वे एक सुरक्षित, सक्षम और आत्म–निर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कैच द रेन विशेष अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस अभियान से वर्षा जल संचयन, भू–जल पुनर्भरण और जलाशयों तथा बागानों के जीर्णोद्धार को नई गति मिल रही है। श्री मोदी ने इस अभियान में गांव और शहरों से लेकर पंचायतों और सामाजिक संगठनों तक की जबरदस्त भागीदारी की सराहना की।

———बाइट———

कैच द रेन का संदेश बहुत सीधा है– जब बारिश गिरे, जब बारिश गिरे, पानी को वहीं सहेजिए, इसलिए 04 जुलाई से देश–भर में एक विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत बारिश के पानी के संचयन, ग्राउंड वाटर रिचार्ज, पुराने जल–स्त्रोतों के पुनर्जीवन और वृक्षारोपण को नई गति दी जा रही है। मुझे बहुत खुशी है कि गाँव हों या शहर, पंचायतें हों या सामाजिक संस्थाएं हर जगह लोगों ने बढ़–चढ़कर भागीदारी की है।

प्रधानमंत्री ने प्लास्टिक प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का कचरा प्रकृति के लिए नुकसानदेह बना हुआ है। उन्होंने प्लास्टिक के उचित निस्तारण पर बल दिया। श्री मोदी ने बिहार के सीतामढ़ी में, कचरे से कंचन का एक उदाहरण दिया जहां कचरे को दोबारा उपयोग करके सुंदर बेंच बनाए जा रहे हैं।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने सात अगस्त को देशभर में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का जिक्र किया। श्री मोदी ने कहा कि देश में जिस तरह से हथकरघा उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है, उससे बड़ी संख्या में लोगों के जीवन में सुधार हो रहा है। पोचमपल्ली से पटना तक और कुथमपल्ली से कच्छ तक इसके कई उदाहरण हैं।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने खादी का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में खादी की बिक्री छह गुना बढ़ी है। अब यह बिक्री लगभग आठ हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। श्री मोदी ने लोगों से आगामी त्योहारी मौसम में खादी, हथकरघा या हस्तशिल्प से बना कम से कम एक उत्पाद खरीदने की अपील की।

———बाइट———

हथकरघे से बना हर परिधान किसी–न–किसी क्षेत्र, समुदाय और इससे जुड़े असंख्य लोगों की कहानी को सामने लाता है। ये वो लोग हैं, जो गर्व के साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजोने में जुटे हैं। आज के दिन मेरा आग्रह है कि हम हस्तकला को प्रोत्साहित कर, अपने बुनकर साथियो का सम्मान करें। आइए, हम वोकल फार लोकल की भावना को और सशक्त करें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस उन अनगिनत नायकों को याद करने का दिन होता है जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को इस वर्ष भी पूरे उत्साह से आगे बढ़ाने का आह्वान किया है।

–––बाइट–––

15 अगस्त हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। ये उन असंख्य वीरों को याद करने का दिन है, जिन्होंने 'भारत माता' की स्वतंत्रता के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया। उनके त्याग और तपस्या की वजह से आज हमारे हाथ में तिरंगा है। इस तिरंगे में हमारे संविधान के आदर्श हैं। साथियों, पिछले कुछ वर्षों में 'हर घर तिरंगा' अभियान ने पूरे देश को एक अद्भुत भावना से जोड़ा है।

श्री मोदी ने सभी से हमेशा की तरह 15 अगस्त से पहले मॉय गोव पोर्टल पर अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया।

---

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात के माध्यम से देशवासियों का महत्त्वपूर्ण विषयों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते है। श्री नवीन ने पटना के कदमकुआं में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इससे हम सभी का बेहतर मार्गदर्शन होता है।

–––बाइट–––

---

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर विभिन्न दलों के प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पार्टी सांसद मनोज तिवारी, भोजपुरी अभिनेता और विधान पार्षद पवन सिंह ने आज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पार्टी प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के समर्थन में प्रचार किया। इधर, एनडीए की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उपचुनाव में जीत का दावा किया गया है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि एनडीए उम्मीदवार की बड़े अंतर से जीत होगी।

–––बाइट–––

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर विपक्ष ने भी पूरा जोर लगा दिया है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव कल पार्टी प्रत्याशी रेखा कुमारी के समर्थन में रोड शो करेंगे। वहीं, जनसुराज के संस्थापक और प्रत्याशी प्रशांत किशोर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लो में जनसंपर्क और सभाए कर रहें हैं।

सीतामढ़ी के पूर्व सांसद और राजद के वरिष्ठ नेता अर्जुन राय ने आज पार्टी से इस्तीफा दे दिया। श्री राय ने अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि वह कल भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे है। श्री राय ने वर्ष दो हजार में औराई से राजद प्रत्याशी के रूप में अपनी राजनीति पारी की शुरूआत की थी। बाद में वे जदयू में शामिल हो गये। दो हजार उन्नीस में उनकी राजद में वापसी हुई थी।

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज शिक्षा मंत्री का पदभार ग्रहण कर लिया। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कल श्री जोशी को शिक्षा मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया। वे उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालयों का प्रभार भी संभालते रहेंगे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं और प्रमुख कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

सरकार कल लोकसभा में लोक परीक्षा– अनुचित साधन रोकथाम– संशोधन विधेयक, 2026 पेश करेगी। यह विधेयक सोमवार के लिए लोकसभा की कार्यसूची में शामिल है। इसका उद्देश्य लोक परीक्षा –अनुचित साधन रोकथाम अधिनियम, 2024 में संशोधन करना है।

राष्ट्र आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर वर्ष 1999 के करगिल युद्ध में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। पटना के करगिल चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वीर सैनिकों को नमन किया गया। इधर, दानापुर कैंट स्थित बिहार रेजिमेंट सेंटर में समादेष्टा ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा ने कर्नल ऑफ दी बिहार रेजिमेंट की ओर से वीर स्मृति स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित किये।

---

राज्य की विभिन्न भागों में दक्षिण–पश्चिम मानसून की सक्रियता में कमी आई है। इसके कारण पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न भागों में बहुत कम वर्षा हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जहानाबाद मे सबसे अधिक चार दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। वहीं, राज्य के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल के बाद एक बार फिर मानसून के सक्रिय होने से भारी बारिश की संभावना है।

–––बाइट–––

---

पड़ोसी राज्यों में भारी बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार बक्सर, पटना के दीघाघाट, गांधी घाट, हाथीदह, मुंगेर और भागलपुर में नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

---

वैभव सूर्यवंशी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम उम्र में दो अर्धशतक लगाने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बन गये है। वैभव ने आज जिम्बाब्वें के खिलाफ खेले जा रहें तीसरे टी–ट्वेंटी मैच में इकतीस गेंदों में अर्धशतक लगाकर यह रिकॉर्ड बनाया है। वैभव ने आठ चौके और चार छक्के की मदद से उनचास गेंदों में इक्यासी रन की पारी

खेली। गौरतलब है कि जिम्वावे के खिलाफ खेले गए पहले टी–ट्वेंटी मुकाबलें में भी वैभव ने अर्धशतक लगाया था।

---

रोहतास जिले के विक्रमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदुनी चौक के पास अपराधियों ने आज दिनदहाड़े एक ज्वेलरी दुकान से दस लाख रूपये से अधिक के सोने–चांदी के आभूषण और नकदी लूट लिये। एसडीपीओ सिंधू शेखर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फूटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है। साथ ही एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

---

भोजपुर जिले के बरहरा प्रखंड अंतर्गत बखोरापुर पंचायत में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधियों और आम लोगों ने भाग लिया।

---

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में सिरसिया नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में मगरमच्छ ने एक महिला पर हमला कर दिया। इस हमले में वो बुरी तरह घायल हो गई।

---

भोजपुर पुलिस ने जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर हत्या, अपहरण समेत विभिन्न मामालों में वांछित बीस अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

---

शिवहर जिले के डुमरी कटसरी प्रखंड अंतर्गत महम्मदपुर कटसरी पंचायत के झिटकाही गांव में बागमती नदी में नहाने के दौरान एक दस वर्षीय बच्ची डूब गई। प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में बच्ची की तालाश की जा रही है।

---

सशस्त्र सीमा बल के पटना स्थित सीमांत मुख्यालय की ओर से कंकड़बाग स्थित पार्क में शहीद अधिकारी किशोर कुणाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। एसएसबी पटना के प्रमुख महानिरीक्षण निशित कुमार उज्ज्वल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

---

पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आज जहानाबाद के सभी प्रखंडों में टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बयासी हजार से अधिक लोगों की जांच की गई।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत और जनभागीदारी पर दिया जोर। सीतामढ़ी के वेस्ट टू वेल्थ मॉडल की सराहना की।
02. बांकीपुर उपचुनाव को लेकर प्रचार अभियान हुआ तेज। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी प्रत्याशी नीरज सिन्हा के लिए मांगे वोट। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव कल करेंगे रोड शो।
03. आज करगिल विजय दिवस है। राष्ट्र करगिल युद्ध में शहीद हुए शूरवीरों को कर रहा है नमन।
04. और, वैभव सूर्यवंशी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम उम्र में दो अर्धशतक लगाने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बने।

---

समाप्त